हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 7 जुलाई 2025

06 भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल...



07 फिर से जमा हुआ स्टेट हाईवे से लगी कायाकल्प ...





**खबर संक्षेप**

### नाले में फिर दिखाई दिया बाघ



**माखननगर।** रविवार मुहासा से सांगा खेड़ा की ओर जाने वाले नाले की झाड़ियां में बाघ एक बार फिर दिखाई दिया पग मार्ग भी देखे गए बाघ ने एक गाय का शिकार भी किया है पिछली मई के महीने में गुडला धानसी शुक्रवाड़ा में बाघ की लोकेशन वन विभाग द्वारा लगाए गए केमरे में आई थी तब वन विभाग ने सर्चिंग अभियान चलाया एवं प्रदेश से परमिशन मिलने के बाद रेस्क्यू की तैयारी की जिसमें ड्रोन कैमरे, एस टी आर चूरना से प्रशिक्षित हाथी, एवं डॉग की भी मदद ली गई लेकिन बाघ को नहीं तलाश पाए एक बार फिर बाघ के मूवमेंट के बारे में ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी ग्रामीण दहशत में है अभी किसानों एवं मजदूरों द्वारा खेतों में धान रोपाई का काम चल रहा है। वन विभाग को त्वरित कार्रवाई कर बाघ का रेस्क्यू करना चाहिए मई के महीने में बाघ ने एक गाय एवं एक सूअर का शिकार किया था ग्रामीणों का कहना है कि बाघ को जल्द से जल्द पकड़ा जाए जिससे डर का माहौल खत्म हो इस संबंध में वन विभाग के एसडीओ एवं रेंजर से चर्चा करनी चाहिए तो फोन नहीं लगा।

### जिले में सर्वाधिक बनखेड़ी की 7.1 इंच बारिश दर्ज, तवा डेम का 1125.60 फीट पर

# लगातार बारिश से नर्मदा और तवा का जलस्तर बढ़ा, जारी रहेगा बारिश का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

**पिछले तीन-चार दिनों से प्रदेश में मानसून सक्रिय बना हुआ है प्रदेश के डेम में जल स्तर बढ़ रहा है। वहीं नर्मदा के जलस्तर में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई।**

पिछले एक सप्ताह से रूक-रूककर हो रही बारिश ने नर्मदांचल में नदी नाले उफान पर ला दिये। जहां ग्रामीण अंचलों में नर्मदा सहायक नदियों में पानी भराया वहीं नर्मदा के जल स्तर में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई।

प्रदेश में स्ट्रॉन्ग सिस्टम के असर से नर्मदापुरम समेत कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। जिले में पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश बनखेड़ी तहसील में 7.1 इंच दर्ज की गई। नरसिंहपुर, जबलपुर, मण्डल शहडोल एरिया में लगातार बारिश होने एवं जलबलपुर के बरगी डेम के 9 गेट खोलने से नर्मदा नदी का जलस्तर नर्मदा नदी का जलस्तर सामान्य से 4 फीट ऊपर पहुंच गया तथा आगे बरगी डेम का पानी पहुंचने पर नर्मदा का जलस्तर 5 से 6 फीट और बढ़ सकता है।



#### जिले में अब तक 2502 मिमी वर्षा दर्ज

रविवार को प्रातः 8 बजे तक जिले में 2502.20 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1449.5 मिमी वर्षा हुई थी। रविवार को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 393.7 मिमी, सिवनीमालवा में 188.0 मिमी, इटारसी में 185.6 मिमी, माखननगर में 133.0 मिमी, सोहागपुर में 229.0 मिमी, पिपरिया में 323.2 मिमी, बनखेड़ी में 467.0 मिमी, पचमढ़ी में 379.8 एवं तहसील डोलरिया में 202.7 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिमी है।

#### नर्मदा-तवा का जलस्तर

बैतूल, पचमढ़ी और तवा डैम के कैचमेंट क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश से तवा डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। रविवार सुबह 8 बजे तक जलस्तर 1125.60 फीट दर्ज किया गया। एसडीओ एन.के. सूर्यवंशी के अनुसार, पिछले 24 घंटे में जलस्तर में 2 फीट की बढ़ोतरी हुई है। यदि 31 जुलाई तक जलस्तर 1158 फीट तक पहुंचता है तो डैम के गेट खोले जा सकते हैं। है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 939.40 फीट है, तवा जलाशय का 1125.60 फीट है, बरगी जलाशय का 417.25 मीटर एवं बारना जलाशय 344.46 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है। वहीं पचमढ़ी में हो रही तेज बारिश से देनवा नदी में उफान है। मटकुली में पुराने पुल से पानी ऊपर बह रहा है। वहीं, दूधी नदी भी उफान पर है, जिससे नर्मदापुरम जिले के कई इलाकों में खतरा बढ़ गया है।मौसम विभाग ने नर्मदापुरम जिले के लिए अगले 24 घंटे भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं रविवार को दिन में रूक-रूक कर बारिश का दौर चलता रहा हालाकि शाम को बारिश नहीं होने से साप्ताहिक बाजार में लोगों की भीड़ देखी गई।

## हत्या के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, बाप ही निकला हत्यारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



विगत शुक्रवार को विजय यादव पिता रघुवर यादव उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम खापानाला को उसके परिजन थाना रामपुर गुर्रा लेकर आए एंव विजय यादव के सोमलवाडा रोड के किनारे अचेत हालत में मिलने की सूचना दी गई। घायल के अचेत होने से उसे तत्काल थाना मोबाईल से प्रारंम्भिक जाँच हेतू डीएसपीएम इटारसी रवाना किया गया जो कि जाँच कर्ता डॉक्टर के द्वारा विजय यादव को मृत घोषित कर दिया गया। जिस पर पुलिस ने मौके पर ही मर्ग कायम किया गया। घटना में मृतक को आई चोटो की प्रकृति तथा मर्ग संदेहास्पद स्थिती का होने से पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह के आदेश एंव एसडीओपी के निर्देश पर थाना रामपुर गुर्रा से पुलिस टीम का गठन किया गया। मर्ग की जाँच दौरान मृतक का रविवार को डीएसपीएम इटारसी से पीएम कराया गया एंव शॉर्ट पी एम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतक की पीठ एंव पेट पर गंभीर चोटो की पुष्टि की गई। विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतक शराब पीने का आदी था एंव परिवारजनो से अक्सर वाद विवाद किया करता था, साथ ही घटना दिनाँक को भी मृतक शराब के नशे में खापानाला स्थित अपने घर पहुँचा था जिसका की अपने पिता से वाद विवाद हुआ था, जिस पर मृतक के परिवार जनो एंव घटना स्थल के आस पास के लोगो से पूछताछ की गई तो जानकारी प्राप्त हुई कि मृतक के द्वारा घटना दिनांक को दोपहर शराब पीने के लिए अपनी माँ से पैसा माँगा गया था एंव माँ को जबरदस्ती रामपुर ले जाकर उसके आधार कार्ड के माध्यम से पैसा निकलवाया गया एंव शराब पीकर मृतक ने अपनी मा से विवाद कर साथ मार पीट करने लगा जिस पर मृतक विजय यादव के पिता रघुवर यादव द्वारा गुस्से में डण्डे से विजय की पीठ एंव पेट पर वार किए गए। जिससे की मृतक गंभीर रुप से घायल हो गया, संदेही रघुवर यादव के साथ गहनता से पूछताछ करने पर रघुवर यादव उम्र 50 साल निवासी केसला खुर्द के द्वारा लडके विजय के साथ मार पीट कर घटना को कारित करना स्वीकार किया गया। उसे गिरफ्तार करने में उपनि विपिन पाल थाना रामपुर गुर्रा, सउनि अनिल शर्मा, सउनि हर्षित मौर्य, उमेश रघुवंशी, महेश साहू, बृजलाल, तुलसी, विजय, गोपाल, टीटू, अमित आदि की सक्रिय भूमिका रही।

## बजरंग दल सेवा सप्ताह के अंतर्गत पौधरोपण किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बजरंग दल सेवा सप्ताह 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चल रहे सेवा प्रकल्प के निमित्त बजरंग दल जी प्रखंड समिति इटारसी द्वारा स्थानीय प्रकाश उद्यान न्यास कॉलोनी में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कार्यक्रम में अतिथि विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री चेतन सिंह राजपूत के साथ मिलकर सिंदूर, पीपल,आम,बादाम आदि फलदार एवं पर्यावरण को देखते हुए ऑक्सीजन युक्त पौधों को लगाकर इनके संवर्धन का संकल्प लिया।




## नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल ने मनाई 15 वीं वर्षगांठ, हुआ क्रिस्टल जुबली कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी 15 वर्षों की सफल यात्रा पूर्ण कर क्रिस्टल जुबली समारोह धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य प्रेरणास्त्रोत एवं विद्यालय समूह के चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल रहे। जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के उद्देश्य से इस स्कूल की स्थापना की थी। आज विद्यालय की पहचान एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संस्थान के रूप में स्थापित हो चुकी है। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर मनीष अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, यह 15 वर्षों की निरंतर मेहनत, समर्पण और सहयोग का परिणाम है, जिसके लिए सभी विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक व स्टाफ बधाई के पात्र हैं। डायरेक्टर निशा अग्रवाल द्वारा क्रिस्टल जुबली समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता, खेल और अन्य गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया । पुरस्कार वितरण के साथ-साथ बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।



## प्रेरणा कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पौधारोपण कार्यक्रम में बच्चों ने रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा पुरम। प्रेरणा कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साक्षरता अभियान के ब्रांड एम्बेसडर डॉ. मयंक तोमर की उपस्थिति में प्रेरणा कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों व स्टाफ द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के 100 से अधिक पौधे रोपे गए। इस दौरान पर्यावरण संबंधी चिंताओं व ग्लोबल वार्मिंग के बारे में विस्तार से बताया तथा विद्यार्थियों से वैश्विक स्तर पर पृथ्वी की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने को कहा गया ।

प्रेरणा कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के समस्त स्टाफ ने पौधारोपण कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए डॉ.तोमर का आभार व्यक्त किया।



## प्रतिभूति कागज़ कारखाना में तीन दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रतिभूति कागज कारखाने में कार्यपालकों एवं स्टाफ में दक्षता संवर्धन के साथ मानसिक - शारीरिक स्वास्थ्य की सुदृढ़ता के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस संबंध में संजय भावसार ने बताया कि द्वारा बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग के इंदौर से आमंत्रित दीर्घ अनुभवी अतिथि फैकल्टी सुनील जैन द्वारा जीवन जीने के सूत्र बताए गए । उनके द्वारा बताया गया कि शरीर, श्वास, मन,बुद्धि, स्मृति, इगो , सेल्फ , इन सात स्तरों पर कार्य कर बेहतरीन लीडर , बेहतरीन मैनेजर और बेहतरीन इंसान बना जा सकता है। उनके द्वारा सूक्ष्म व्यायाम के साथ सुदर्शन क्रिया का प्रशिक्षण एवं अभ्यास भी करवाया गया। इस कार्यशाला का आयोजन सीजीएम बेंकटेश कुमार के नेतृत्व में अशेष अविनाशी, संयुक्त महाप्रबंधक की संकल्पना के साथ आयोजित की गई। बेंकटेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक द्वारा इस कार्यशाला के आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला और आर्ट ऑफ लिविंग की सराहना की। अशेष अविनाशी, संयुक्त महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा इस कार्यशाला के आयोजन की आवश्यकता और इससे जीवन मे होने वाले रूपांतरण को बताया गया। इसके पूर्व प्रतिभागियों द्वारा अपने अनुभव भी साझा कर इस प्रयास की प्रशंसा की गई। कार्यशाला के आयोजन में प्रतिभा गौतम, सहायक प्रबंधक द्वारा निदेशित की जा रही है।

## पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ देहात थाने में हुआ पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा रविवार को देहात थाने में एक पेड़ मां के नाम अभियान के चलते पौधरोपण कार्यक्रम किया गया । भारी बरसात की बीच यह पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । थाना परिसर में आम, जामुन, अमरूद, नींबू सहित कई प्रजाति के पौधे रोपण किए गए । इस अवसर पर देहात थाना प्रभारी प्रवीण चौहान ने कहा कि पेड़ प्रकृति का सबसे अनमोल देन है । वे न केवल धरती को हरा भरा और सुंदर बनाते हैं बल्कि जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं।

## कायस्थ महासभा की मातृशक्ति ने नर्मदा के तट पर चलाया स्वच्छता अभियान, की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति ने स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया। भारी बारिश के बावजूद मातृ-शक्तियों ने घाट और आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की और कचरा डस्टबिन में डाला। इस अवसर पर प्रखर समाजसेवी सुमन वर्मा ने कहा कि घाटों पर गंदगी ना करें। नर्मदा हमारी जीवन दायिनी है इसे साफ और स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हमारे शहर की पहचान हमारे नर्मदा घाटों से होती है इसलिए हमें घाटों को साफ स्वच्छ रखना है। वहीं ज्योति वर्मा ने कहा कि मां नर्मदा हमारी जीवनदायनी है, इसलिए हमें उनकी सेवा करना और घाटों को साफ रखना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे घाट पर गंदगी और कचरा न डालें और मां नर्मदा को स्वच्छ और सुंदर रखें। इस मौके पर प्रीती खरे, ज्योति वर्मा, सुमन वर्मा, लालता प्रसाद, मंजू श्रीवास्तव, नेहा थापक, दीपक थापक, रश्मि सक्सेना, सीबी खरे, जानकी, राजेंद्र श्रीवास्तव आर्य श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

## मोहर्रम पर माखन नगर में निकले ताजिए, हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मुस्लिम समाज द्वारा हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में प्रतिवर्ष मोहर्रम का त्यौहार मनाया जाता है ताजिए बनाए जाते हैं सवारी निकलती हैं रविवार नगर के अलग-अलग मोहल्ले में बने ताजिया मेन रोड से होकर मंगलवार बाज़ार में एकत्रित हुए जहां लोगों ने श्रद्धा से लोबान एवं प्रसाद चढ़ाया नगर में मोहर्रम का त्योहार भाईचारे के साथ मनाया जाता है हिन्दू बाथरी परिवार वर्षों से ताजिया बना रहा है। मंगलवारा बाजार में अलग-अलग कमेटी के अखाड़े के युवाओं ने प्रदर्शन किया नगर परिषद द्वारा अखाड़ा कमेटी को पुरस्कार प्रदान किए शाम 5: बजे के बाद सभी ताजिए तवा नदी कर्बला में विसर्जित किए गए कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी नगर परिषद के पार्षद बबलू अंसारी निरंजना रावत आदि शामिल हुए।

### श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव

## नगर भ्रमण के बाद श्री भगवान श्री जगन्नाथ लौटे घर, दिए स्वर्ण वेश, पद के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम


भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा महोत्सव के दौरान रविवार को अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा में भगवान का स्वर्ण वेश और पद दर्शन हुए।

इस सम्बन्ध में मंदिर के मुख्य अर्चक बाबाजी प्रसाद दास ने बताया कि रथ यात्रा वापस आने के बाद दूसरे दिन भगवान स्वर्ण वेश धारण करते हैं। साथ ही भगवान के पैरों का दर्शन आज जिनके दिन होता है। इस महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया।

**ठाकुर राजा का किया सम्मान**

इस अवसर पर धर्म आध्यात्म के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करने वाले मंदिर के ठाकुर राजा डा आशुतोष शर्मा का सम्मान किया गया। डोंगरवाड़ा राधारानी महिला मंडल द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

इस अवसर पर बाबाजी प्रसाद दास ने कहा कि डा शर्मा द्वारा धर्म के क्षेत्र जो कार्य किए जा रहे हैं वे प्रशंसनीय हैं। समाज और देश के लिए उनका अवदान सदियों तक याद किए जाएगा। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। कार्यक्रम में द शर्मा की माता पुष्पावती शर्मा, बीके सेलम दीदी, बीके शबनम दीदी, आचार्य रश्मि रंजन पाणी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद शर्मा ने किया।



## सुरीला नर्मदापुरम संगीत कार्यक्रम में बच्चों ने बांधा समां




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुर युवा मंडल के तत्वावधान में प्रति रविवार नेहरू पार्क में फन,म्यूजिक और मस्ती के लिए सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम में रविवार शाम को अलाप म्यूजिकल ग्रुप के नन्हें बच्चों ने अपने गीत संगीत से जमकर समा बांधा। कार्यक्रम संयोजक अखिलेश खंडेलवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम अपने परिवार के साथ कुछ पल मनोरंजन के साथ बिताने के लिए है। सुरीला नर्मदापुरम म्यूजिक कार्यक्रम प्रति रविवार आयोजित किया जा रहा है। रविवार शाम को सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम में पार्क में घूमने टहलने आए लोगों ने गायक कलाकार बनकर नए पुराने फिल्मी गीत गाए। यह कार्यक्रम स्थानीय कलाकारों को संगीत का एक प्लेटफॉर्म देने के लिए है। अलाप म्यूजिकल ग्रुप के संचालक कमल झा, याशी उइके , युक्ति उइके , याना उइके , नितीन मेवारी , अनुजा आचार्य आदि ने प्रस्तुतियां दी।

**In The Court Of Civil Judge Class-I, Sohagpur District Court, Hoshangabad**

Presiding Officer : श्रीमती संगीता डावर
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000001/2025)
अंजू शाह .................... आवेदक
Vs
अमित शाह .................. अनावेदक

Process Id- 91/2025
पेशी दिनांक :- 05/08/2025

प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता-सर्वसाधारण ग्राम मुडियाखेड़ा तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंजू शाह पता ने मृतक छोटेलाल शाह मृत्यु दिनांक 25-06-2024, नन्हाबाई की मृत्यु दिनांक 23-11-2018 राजेन्द्र शाह की मृत्यु दिनांक 20-10-2014 निवासी ग्राम मुड़ियाखेड़ा तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम म.प्र. की 61,949/- रुपये राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 05 August 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 05 August 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 03 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश संगीता डावर मौर्य
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड सोहागपुर
जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.)

### फूल मालाओं, बैंड बाजे और तुलादान कर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के प्रथम नगर आगमन पर दुल्हन सा सजा बैतूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विधायक बैतूल और नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का रविवार को अपने गृह नगर बैतूल में प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम नगर आगमन हुआ। बैतूल में उनके स्वागत की व्यापक तैयारियां की गई थी। जगह-जगह बैनर, पोस्टर और फ्लैक्स लगाये गये थे। वहीं हजारों भाजपा कार्यकर्ता और उनके समर्थक स्वागत के लिए हाईवे और मुख्य मार्गो पर फूलमालाओं और बैंडबाजे के साथ खड़े रहे।

वैसे स्वागत की यह श्रंखला श्री खंडेलवाल के भोपाल से प्रस्थान करने के बाद ही शुरू हो गई थी, लेकिन बैतूल में उनके स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की गई थी। श्री खंडेलवाल ने जैसे ही बैतूल की सीमा में प्रवेश किया, कार्यकर्ताओं के स्वागत का दौर शुरू हो गया। सुबह भोपाल से निकलने के बाद रास्ते में पडने वाले हर शहर और कस्बे में अपने नेता के स्वागत के लिए जनसमुदाय उमड़ पडा। बैतूल नगर की सीमा से भाजपा कार्यालय तक एक सैकड़ा से अधिक जगह भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों, धार्मिक संगठनों एवं अन्य संस्थाओं ने हेमंत खण्डेलवाल का उत्साह से स्वागत किया। जयप्रकाश चौक में तुलादान भी किया गया।







## जिले की सीमा पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री

भोपाल-बैतूल मार्ग पर बैतूल जिले की सीमा धार ग्राम से शुरू होती है। मिली जानकारी के अनुसार बैतूल से केंद्रीय मंत्री डीडी उइके एवं जिला भाजपा अध्यक्ष सुधाकर पंवार, जिला मंत्री कृष्णा गायकी सहित अन्य पदाधिकारी पहुंचे। हेमंत खण्डेलवाल के धार पहुंचने पर इन सभी नेताओं ने उनका स्वागत किया और उनके साथ बैतूल की ओर रवाना हो गए। बरेठा में स्वागत कार्यक्रम हुआ। नीमपानी में आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार अपने समर्थकों के साथ श्री खंडेलवाल का स्वागत किया। जिला भाजपा सहकोषाध्यक्ष दीपू सलूजा भी उपस्थित रहे। नीमपानी पहुंचने पर हेमंत खण्डेलवाल का ग्रामवासियों के अलावा मुलताई से आए सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद पाढर में भी श्री खण्डेलवाल का भव्य स्वागत किया।

## भारत भारती में किया पौधरोपण

भारत भारती आवासीय विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जन अभियान परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष मोहन नागर की उपस्थिति में हेमंत खण्डेलवाल का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आसपास के कई ग्रामों के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। श्री खंडेलवाल द्वारा भारत भारती आवासीय विद्यालय में पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर मरामझिरी और धाराखोह के अनेक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। बैतूल की सीमा पर सोनाघाटी फारेस्ट बेरियर के सामने नगरपालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर एवं पार्षद पवन यादव के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बाबा माकोडे, पूर्व जिलाध्यक्ष बबला शुक्ला, प्रदेश अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी अबीजर बोहरा ने भी श्री खंडेलवाल का जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत




भोरा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद हेमंत खंडेलवाल रविवार को पहली बार अपने गृह जिले बैतूल पहुंचे। जिले की सीमा पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। धार सीमा से लेकर भौरा बस स्टैंड और फिर विधायक निवास तक प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी स्वागत के लिए उपस्थित रहीं। भौरा बस स्टैंड पर स्वागत के बाद हेमंत खंडेलवाल का काफिला नगर स्थित विधायक निवास पहुंचा, जहां ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया गया। विधायक निवास पर आयोजित स्वागत समारोह में सर्वप्रथम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने हेमंत खंडेलवाल को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद दुर्गादास उईके और भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार का भी शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा प्रदेश की जिम्मेदारी मेरे कंधों पर है, लेकिन मेरी आत्मा आज भी बैतूल की जनता और कार्यकर्ताओं के साथ जुड़ी है। स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सीधे सुन सकूं और उनके समाधान के लिए तत्पर रहूं, कोई भी व्यक्ति किसी भी समय मुझसे संपर्क कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि बैतूल मेरा घर है, मेरी प्राथमिकता है। भारतीय जनता पार्टी ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, मैं उसे जनसेवा, संगठन के विस्तार और मजबूत जमीनी नेटवर्क के माध्यम से पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है। कार्यकर्ताओं के सामूहिक परिश्रम के बल पर आगामी चुनावों में ऐतिहासिक सफलता हासिल करना। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा के मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का भव्य स्वागत




शाहपुर। भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के प्रथम नगर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया गया। शाहपुर नगर में प्रवेश करते ही कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कर महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा लगाया गया। नगर में जनपद पंचायत परिसर पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने फूल वर्षा करते हुए नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि देश में एकमात्र ऐसी पार्टी भारतीय जनता पार्टी है, जो किसी भी कार्यकर्ता को कहीं भी पहुंचा सकती है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी किसी भी समाज से नहीं आती, किसी परिवार की पार्टी नहीं है, भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ताओं की पार्टी है। जिस पार्टी ने एक छोटे से कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष बनाया। हम सब कार्यकर्ताओं को मिलकर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करना है। हेमंत खंडेलवाल ने अपने उद्बोधन में यहां भी कहा कि वह किसी भी कार्यकर्ता को किसी प्रकार की तकलीफ नहीं आने देंगे। भारतीय जनता पार्टी आपके साथ हैं। हम सब कार्यकर्ता मिलकर पार्टी की विचारधारा के लिए कम करें। नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष में कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि एक पौधा मां के नाम जरूर लगाए। अपने उद्बोधन के अंत में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ने इस गिरते हुए पानी में दूरदराज से आए कार्यकर्ताओं का स्वागत करने के लिए धन्यवाद दिया।

### सहायक आयुक्त ने किए कारण बताओ नोटिस जारी

## जनजातीय कन्या क्रीड़ा परिसर बैतूल में मिली अनियमितताएं



बैतूल। जनजातीय कार्य विभाग सहायक आयुक्त बैतूल द्वारा बीते दिनों जनजातीय कन्या क्रीड़ा परिसर बैतूल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई। निरीक्षण के समय संस्था में पदस्थ खेलकूद शिक्षक अनुपस्थित पाए गए।

इसके साथ ही छात्राओं को नियमित खेल गतिविधियों का अभ्यास नहीं कराया जा रहा था। परिसर में स्थापित जिम सामग्री भी अव्यवस्थित पाई गई, वहीं छात्राओं को पर्याप्त खेल सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई थी। इसके अलावा छात्रावास में साफ-सफाई की स्थिति भी बेहद खराब पाई गई।

इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए अधीक्षिका अनिता जौंधलेकर, पीटीआई विनय यादव, सुनील सूर्यवंशी, अशोक चढोकार एवं रविकांत देशमुख को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। सहायक आयुक्त ने सभी संबंधित कर्मचारियों से इस संबंध में शीघ्र लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर प्रबंध संचालक का लिखा पत्र

सारणी। विद्युत मंडल कर्म यूनियन मध्यप्रदेश शाखा सारनी द्वारा कार्यालयीन कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए एक ज्ञापन मुख्य अभियन्ता को सौंपा गया था। लेकिन कोई समाधान न होने के बाद एक ओर पत्र प्रबंध संचालक को लिखा गया। वर्तमान में सतपुड़ा ताप विद्युत गृह से प्रति माह सभी केडर के कार्मिकों की सेवानिवृत्ति पूरे कंपनी में अधिक हो रही है। इसके साथ ही कार्यालयीन कर्मचारियों की भी लगातार कमी हो रही है। जिससे कार्यालयीन कार्य तो प्रभावित होते ही हैं और जो कार्मिक कार्यरत है, उन पर कार्य का दबाव बना रहता है।

सतपुड़ा संकुल की ऐसी स्थिति है कि कुछ कार्यालयों में अनुभाग अधिकारी, स्टेनो, कार्यालय सहायक श्रेणी एक/दो भी नही है। दफ्तरी कार्यालय का संपूर्ण कार्य संपादित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अधीक्षण अभियंता प्रवर्तन क्रमांक चार में लेखापाल और अनुभाग अधिकारी भी नही है। विद्युत परीक्षण और उपकरण चार में कोई कार्यालय सहायक नहीं है। तकनीकी कर्मचारी कार्यालय में काम कर रहे हैं। सेवानिवृत्ति के कारण पेंशन प्रकरण समय पर तैयार करना महत्वपूर्ण कार्य है। आकस्मिक निधन पर भी आश्रित परिवार को भुगतान समय पर करना होता है। सभी केडर में चालू प्रभार के आदेश किए गए हैं, लेकिन दफ्तरी केडर में चालू प्रभार देने में प्रशासन क्यों भेदभाव पूर्ण नीती अपना रहा है। दूसरी ओर प्रत्येक माह में सेवानिवृत्ती के कारण पेंशनर्स की संख्या में भी वृद्धी हो रही है। संयुक्त निदेशक वित्त एवं लेखा कार्यालय में नियमित कार्य करने के लिए बाबू ही नहीं है।

विद्युत मंडल कर्म यूनियन के क्षेत्रीय महामंत्री अंबादास सूने ने बताया कि अधीक्षण अभियंता प्रवर्तन दो/तीन में भी किशोर कुशवाह दफ्तरी द्वारा कार्यालय के संपूर्ण कार्य के साथ साथ पेंशन प्रकरण, आकस्मिक निधन के प्रकरण बना रहें हैं। इसके बाद भी प्रशासन चतुर्थ श्रेणी के कर्मियों के साथ प्रबंधन दोहरी नीती अपना रहा है। यूनियन की माँग है कि सभी दफ्तरियों को चालू प्रभार के आदेश शीघ्र दिए जाए, इसके कारण कंपनी पर वित्तीय भार भी नहीं आएगा।

## मंदिर से दान पेटी चोरी करने का प्रयास

शाहपुर। मां माचना नदी के तट पर स्थित हनुमान मंदिर में अज्ञात चोरो ने मंदिर की दान पेटी चोरी करने का प्रयास किया। दान पेटी सीमेंट से लगी होने के कारण चोर उसे निकाल नहीं सके।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदिर के बाजू में स्थित कुछ लोगों को कुछ तोडऩे फोडऩे की आवाज़ आई। तो वे जाग कर बाहर आए। जिससे चोर दानपेटी छोडक़र भाग गये। मंदिर के कुछ लोगों के द्वारा इस बात की सूचना थाना शाहपुर में आवेदन के माध्यम से दी गई। सूचना मिलते ही भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष शाहपुर श्रीमती नीतू शक्ति गुप्ता भी मंदिर पहुंची और लोगों के द्वारा जानकारी प्राप्त की।

## देशसेवा की भावना को हरियाली अभियान से जोड़कर पूर्व सैनिकों ने लगाए 300 पौधे



बैतूल। देश की सीमाओं पर सेवा देकर सेवानिवृत्त हो चुके पूर्व सैनिक अब धरती मां की सेवा में जुट गए हैं। बैतूल जिले के ग्राम ससाबड़ में 6 जुलाई को एक ऐसा ही प्रेरक दृश्य सामने आया जब देशसेवा की भावना को हरियाली अभियान से जोड़ा गया। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय बैतूल द्वारा आयोजित इस पौधारोपण अभियान में 300 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि सैनिक हमेशा सैनिक होता है चाहे वह सीमा की सुरक्षा हो या पर्यावरण की रक्षा। यह अभियान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त कैप्टेन नौसेना सुमीत सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को देशभक्ति की भावना से जोड़ा और इसे वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया। उन्होंने बताया कि पिछले 20 वर्षों में विश्व में लगभग 25 करोड़ एकड़ भूमि से वनों का विनाश हुआ है, जिसे देखते हुए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक हो गया है। इस अवसर पर एयर कमोडोर कमल कांत द्विवेदी ने इस अभियान का बीज बोया और पौधारोपण के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की। उन्होंने सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक होकर भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखने का आह्वान किया। उनकी पहल से प्रेरित होकर जिला सैनिक कार्यालय ने पर्यावरण के सजग नागरिकों को भी इस मुहिम से जोड़ा। पूर्व सैनिक सूबेदार राजेंद्र प्रसाद सोनपुरे ने इस आयोजन में विशेष योगदान दिया। उनके प्रयासों से स्कूली छात्र, महिला मंडल और विभिन्न सामाजिक संगठनों को भी जोड़ा गया। पूर्व सैनिक संघ बैतूल के अध्यक्ष श्री पंडरी डांगरे, सचिव अशोक रघुवंशी और अन्य सदस्य भी इस अभियान में आगे बढ़ कर आएऔर अपना बहुमूल्य योगदान दिया । विशेष रूप से गायत्री परिवार के सदस्यों ने इस अभियान में पूरी तन्मयता और समर्पण से भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में कैप्टेन सुमीत सिंह ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को वृक्षों के संरक्षण की शपथ दिलाई।

### राम वन भरकावाडी में लगाए 50 करंज के पौधे

बैतूल। जिले में पर्यावरण संरक्षण के प्रयास अब जनआंदोलन का रूप लेते दिख रहे हैं। गांवों की शासकीय और खाली जमीनों पर सामूहिक रूप से पौधारोपण किया जा रहा है। राम वन भरकावाडी इसका ताजा उदाहरण बना, जहां करंज के पौधों से हरियाली का बीजारोपण हुआ। राम वन भरकावाडी में रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार, पर्यावरण गतिविधि मध्य भारत प्रांत और जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 50 करंज के पौधों का रोपण किया गया। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयासों का बेहतरीन उदाहरण बना। जिला पर्यावरण प्रभारी अमोल पानकर ने कहा कि हमारे आस-पास की शासकीय व खाली भूमि पर यदि लोग संगठित होकर पौधे लगाएं और उनका संरक्षण करें, तो वातावरण को प्रदूषण मुक्त और हराभरा बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही हरियाली की दिशा में बड़ा बदलाव संभव है। इस अवसर पर युवा उद्योगपति विवेक शुक्ला ने कहा कि यदि प्रत्येक ग्राम पंचायत ठान ले तो गांव की सैकड़ों एकड़ खाली जमीन को ग्रामीणों के सहयोग से हरियाली में बदला जा सकता है। जन अभियान परिषद के प्रतिनिधि आशीष कोकने ने बताया कि परिषद पिछले कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है और अब इसके परिणाम स्पष्ट तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में दिख रहे हैं। ग्रामीणों में जागरूकता आई है और संगठन के साथ मिलकर वे भी इस कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। पौधारोपण अभियान में जिला सह संयोजक विक्रम ईथापे, जिला पेड़ प्रमुख पंकज लोणारे, जल प्रमुख वि_लराव चरपे, धर्मेंद्र खवसे, प्रदीप लोणारे, सरपंच मोहन सातपुते, रवि दौडक़े, सुनील ठानेकर और अजय सातपुते की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया।

### हितैषी और अनुपम ने जिला का नाम किया रोशन

बैतूल। शहर के प्रमुख कपड़ा व्यवसायी और शिक्षा विभाग में सहायक जिला शाला निरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त प्रेमचंद सुराणा के सुपौत्र एवं पौत्री ने शिक्षा जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। प्रेमचंद सुराणा के पुत्र पंकज सुराणा के सुपुत्र अनुपम सुराणा ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण की है वहीं उनकी बेटी हितैषी सुराणा ने मास्टर ऑफ फैशन मैनेजमेंट की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इनकी उपलब्धि की पर सीए विजय माथनकर, डॉ.एसआर पाटनकर, प्रेमशंकर मालवीय, अरविंद मालवीय, प्रदीप मालवीय, बीआर राने, श्याम जोशी, एचपी उरमालिया, गणेश दत्त जोश, अजीत शुक्ला, आरडी अग्रवाल, रामनारायण यादव, आरके सोनी सहित इष्ट मित्रों और परिजनों ने बधाई दी है।

## बैतूल में 18.3 एमएम बारिश सतपुड़ा बांध के खुले गेट



बैतूल। जिले में बारिश का दौर जारी है। शनिवार रात बैतूल में 18.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। लगातार बारिश के कारण सतपुड़ा डैम के गेट खोलने पड़े। सतपुड़ा बांध का एक गेट सुबह साढ़े 5 बजे तक खुला रहा, जिसे बाद में बंद कर दिया गया। वहीं बांध का जल स्तर 1429.50 फुट पर मेंटेन किया जा रहा है। जिले में सबसे अधिक बारिश घोड़ाडोंगरी ब्लाक में दर्ज की गई, यहां 83 मिमी बारिश हुई। इस मौसम में घोड़ाडोंगरी में अब तक सबसे ज्यादा 334 मिमी (13.15इंच) बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों बैतूल सहित प्रदेश के अन्य शहरों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में वर्तमान में तीन मजबूत बारिश प्रणालियां सक्रिय हैं। इनके प्रभाव से 7 और 8 जुलाई को भी बारिश जारी रहने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार यह इस मौसम का सबसे मजबूत सिस्टम है।

#### जिले के ब्लॉकों में दर्ज बारिश

जिले के दस ब्लाकों में लगातार बारिश हो रही है। सबसे अधिक बारिश घोड़ाडोगरी ब्लाक में दर्ज की गई है, वहीं इस सीजन में सबसे कम बारिश आठनेर ब्लाक में दर्ज की गई है, यहां अब तक 157.2 मिमी यानि 6.19 इंच बारिश हुई है। इसके अलावा शाहपुर में 311.4, चिचोली में 254.9, भीमपुर में 236, प्रभातपट्टन में 218, आमला में 197, मुलताई में 194.7, भैंसदेही में 177, बैतूल में 158.6 और आठनेर में 157.2 मिमी बारिश हुई है। जिले में औसत बारिश का आंकड़ा 223.6 मिमी तक पहुंच गया है। पिछले वर्ष इसी समय 164.1 मिमी बारिश हुई थी।

## लूट का फरार आरोपी रायपुर से किया गिरफ्तार

बैतूल। कोतवाली पुलिस ने लूट के मामले में एक वर्ष से फरार आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी रविकांत डेहरिया ने बताया 30 जनवरी 2024 को बैतूल निवासी आभा पति नारायण पाठा ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह स्कूटी से बच्चों को एलएफएस स्कूल के पास स्थित उनकी नानी के घर से लेकर आ रही थी। जैसे ही वह लावण्या पैथालॉजी के सामने वाली गली में पहुंची, तभी एक अज्ञात व्यक्ति एक्टिवा क्रमांक एमपी 41 जेडसी 7672 से आया और गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर भाग गया। पीछा करने पर रास्ता बंद होने के कारण वह अपनी स्कूटी छोडक़र फरार हो गया। पूर्व में इस प्रकरण में आकाश 29 पिता सत्यनारायण साहू निवासी कलमना, जिला नागपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया था। पूछताछ में आरोपी आकाश ने बताया कि लूट का मंगलसूत्र मोहित गुप्ता के पास है। सूचना के आधार पर आरोपी मोहित गुप्ता पिता संतोष गुप्ता निवासी पुराना कामठी रोड नागपुर को शनिवार को रायपुर से गिरफ्तार किया।




बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

B.ED.प्रवेश तृतीय चरण

बी. आर. अंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैतूल

द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई/स्वागत। दि. 26 जून 2025 से 30/06/2025 तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर दि. 26/06/2025 से 01/07/2025 तक निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा कर प्रवेश निश्चित करें तथा कालेज आकर प्रवेश फार्म भरे। शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें, तृतीय चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 25 जून 2025 से 30 जून 2025 तक करावें। आनलाईन दस्तावेजो का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 05 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक। प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड - BED823) ही लिखें। रिजल्ट - 20 वर्षो से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क - 9302846996, 9300974327, 9826231552, 9111788845

## संक्षेप खबर

### अमानक उर्वरकों की खरीदी, विक्रय और भंडारण प्रतिबंधित

**सीहोर।** राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त उर्वरकों के नमूनों की प्रयोगशाला जांच में यह पाया गया है कि, कुछ उर्वरक उत्पाद निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतर रहे हैं तथा इन्हें अमानक घोषित किया गया है। इन उत्पादों के उपयोग से किसानों के फसल उत्पादन एवं गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उपसंचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने अमानक उत्पाद बनाने वाली कंपनियों के उर्वरकों जैसे प्रोम, पोटश ड्रिराविड फाम गोलासिस, बायोस्टीमूलेन्ट, केरियर बेस्ड कन्सोर्टिया, जिंक सल्फेट मोनोहाइड्रेट एवं अन्य उर्वरकों के बिना पूर्वानुमोदन के सीहोर जिले में विक्रय, भंडारण, वितरण और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने निर्देश दिए है कि बिना पूर्व स्वीकृति के किसी भी स्थिति में इनका उपयोग न किया जाए। इसके साथ ही इससे संबंधित सभी व्यापारी वितरक एवं कृषकों को सतर्क किया जाए। इसका उल्लंघन दंडनीय है।

### कलेक्टर ने जारी की एडवाइजरी

**सीहोर।** मौसम विभाग ने जिले में अत्यधिक वर्षा एवं बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। कलेक्टर बाला गुरू के ने नागरिकों से अपील की है कि नदी, नाले, पुल, पुलिया, रपटा पर जलभराव की स्थिति में वहां से गुजरने वाले रास्तों को बाढ़ एवं पानी होने की स्थिति में पार नहीं करें तथा सुरक्षित स्थानों में रहें। इसके साथ ही वर्षा के दौरान बड़ी संख्या में नागरिक नदी, तालाब व डेम के आसपास पिकनिक मनाने जाते हैं। थोड़ी सी लापरवाही से बड़ी घटनाएं घटित हो जाती हैं।

### लगातार हो रही बारिश से बिगड़े नर्मदांचल के हालात बस्तियों और रास्तों पर आया पानी

# फिर से जमा हुआ स्टेट हाईवे से लगी कायाकल्प सड़क पर बरसाती पानी

नर्मदांचल में पिछले 2 दिनो से बारिश जारी है। जिससे नदी नाले उफान पर हैं। वहीं कालोनियों में पानी भराने से लोग परेशान दिखाई दे रहे हैं। वहीं पिपरिया में मुख्य मार्ग पर पानी आने से रास्ते जाम हो गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





नगर में स्टेट हाईवे किनारे गौतम वार्ड क्षेत्र में कायाकल्प रोड गत वर्ष बनाई गई थी। इस रोड पर प्रतिवर्ष बरसात में काफी मात्रा में गंदा पानी जमा हो जाता है। जिसके कारण नागरिक परेशान होते हैं।

गत दिनों हुई शिकायतों के बाद नगर परिषद ने शनिवार शाम गंदा पानी व कीचड़ रोड से हटाया था। लेकिन शनिवार रात बारिश हुई जिसके कारण पुनः कायाकल्प रोड के मोड पर खेड़ापति मंदिर एवं शुभम फोटो स्टूडियो के सामने गंदा पानी जमा हो गया है। जिससे जनता को फिर परेशानी होने लगी है।

नागरिकों का कहना है कि नगर प्रशासन मात्र अस्थाई रूप से समस्या का समाधान करता है। जबकि समस्या के स्थाई समाधान के लिए वर्षों पुरानी नाली को खोजा जाना चाहिए, जो कि अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुकी है। यदि वह नाली खोजी जाएगी तो सड़क पर जमा होने वाले बरसाती गंदे पानी की निकासी की राह भी खुल सकेगी।

## तेज बारिश से नदी और नाले उफान पर कई रास्ते हुए बंद

**पिपरिया।** बरसात का मौसम प्रारंभ हो चुका है लेकिन अचानक पाच एवं 6 जुलाई भारी तेज बारिश होने से नदी नाले उफान पर आ गए। के कारण कई मार्ग बंद हो गए हैं तवा डैम के भी गेट खोल दिए गए हैं मूसलाधार बारिश से जल भराव हुआ है जिसके कारण तरुण कला की नदी के साथ-साथ सभी नदियां आ गई हैं बीजनवाड़ा ग्राम पंचायत के बनवारी रोड बैंक कॉलोनी के मुख्य मार्ग की पुलिया गुरुद्वारा के पास नाला हुआ करता था उसे लोगों ने बढ़कर नाली कर दिया है। जिसके कारण बनवारी रोड की पुलिया के ऊपर से पानी जाता है और रास्ता बंद हो जाता है बनवारी से पिपरिया आने वाली जनता वहीं ठहर कर रह जाती है आसपास के क्षेत्र में लगातार बारिश का दौर जारी है पिछले 24 घंटे से पिपरिया में 50 मिली मीटर बारिश के आसपास हो चुकी है जिसके चलते तवा डैम के गेट भी खोल दिए गए हैं ग्राम पंचायत सांडिया में मां नर्मदा का जलस्तर भी बढ़ गया है शहर में बारिश से कई सड़कों पर जल



भराव की स्थिति बन गई और चिंताजनक स्थिति रही यहां सड़कों पर छोटे-बड़े गड्ढे नालियां कचरो से अवरोध है नालियों की खराब जल निकासी के कारण गंदा पानी सड़कों पर खेल रहा है नगर पालिका परिषद क्षेत्र के स्थानीय निवासियों के घरों में कुछ निचली बस्तियों में पानी घुसा है लेकिन राय जीरो वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना बरसात के कारण करना पड़ा है जल भराव से संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है मौसम विभाग के अनुसार क्षेत्र में अभी और बारिश की संभावना बताई जा रही है। नगर पालिका परिषद के द्वारा इतवारा बाजार में जो पुलिया पुरानी नगर पालिका के पास हुआ करती थी उसे काफी चौड़ी कर दिया गया है तथा सभी वार्डों में नाली नालियों की सफाई स्वच्छता अभियान के अंतर्गत लगातार जारी है तथा पानी निकासी के लिए भी लगातार प्रयास किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव ने बताया कि तहसीलदार नायक तहसीलदार पटवारी राजस्व निरीक्षक सभी को निर्देश दे दिए गए हैं कि नर्मदा किनारे के सभी गांव में डंडी पटवेकर सूचना दे दी गई है कि नर्मदा के आसपास निचली बस्तियों को खाली करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं तथा लगातार प्रशासनिक अधिकारी नजर बनाए हुए हैं।

## आंचलखेड़ा में हाईवे पर पशुओं ने बनाया अपने बैठने का अड्डा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आंचलखेड़ा

इन दिनों पिपरिया- नर्मदापुरम राज्य मार्ग पर स्थित आंचलखेड़ा बस स्टॉप पर पशुओं ने हाईवे की सड़क को अपने बैठने का अड्डा बना लिया है यहां पर प्रतिदिन शाम ढलते ही सैकड़ो पशु आकर सड़क पर बैठ जाते हैं जिससे वाहन चालकों एवं राहगीरों को निकलने के लिए काफी परेशानियों को सामना करना पड़ता है प्रतिदिन यहां पर जाम जैसी स्थिति बन जाती है।

दरअसल देखा जाए तो आंचलखेड़ा बस स्टॉप ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ने वाला बड़ा स्टाफ माना जाता है यहां से लगभग एक दर्जन से अधिक गांव के लोगों का आवागमन रहता है परंतु यहां पर पंचायत की ओर से कुछ भी व्यवस्था नहीं है देखा जाए तो गत दिवस पूर्व पचमढ़ी में कैबिनेट मंत्रीमंडल की बैठक थी और इसी हाईवे से मंत्रियों का आवागमन था जिसको लेकर किसी अधिकारी ने पंचायत में निर्देश देकर पशुओं को सड़क पर से हटाने का हुकुम फरमाया था जिसको लेकर 2 से 3 दिन तक पंचायत द्वारा सड़कों पर से पशुओं को हटाकर एक स्थान पर एकत्रित किए जा रहे जा रहे थे और अब यहां फिर से वही समस्या बनने लगी है अब किसी अधिकारी को नहीं दिख रहा है जबकि यहां से सैकड़ो अधिकारी एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि आए दिन इसी मार्ग से निकल रहे हैं परंतु वह भी देखी को अनदेखी कर रहे हैं।

### वाहनों से टकराकर पशु-राहगीर हो रहे घायल-

हाईवे सड़क पर पशुओं के बैठने के कारण वाहनों की टक्कर से पशु भी घायल हो रहे हैं वहीं यहां आए दिन एक न एक पशु टकरा कर या तो घायल हो रहा है या फिर उसकी मौत हो रही है क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से मांग की है। कि जल्द से जल्द इन पशुओं की व्यवस्था कराई जावे जिससे पशु टकराने से बच सके एवं छोटे वाहन चालक हादसे का शिकार ना हो।

### राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देश जारी

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भोपाल द्वारा जनसमुदाय को आकाशीय बिजली वज्रपात आदि प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए सुझाव जारी किए हैं। जिले में आकाशीय बिजली वज्रपात के कारण व्यापक स्तर पर जान माल के नुकसान को रोके जाने तथा आकाशीय बिजली वज्रपात की आपदाओं से बचाव के लिए विभागीय तथा जिला स्तर पर पूर्व तैयारी के लिए सुझाव जारी किए गए हैं कि डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से भारतीय मौसम विभाग द्वारा प्रतिदिन जारी की जाने वाली नाव कास्टिंग चेतावनी तथा शॉर्ट एंड मीडियम रेंज चेतावनी को मैदानी स्तर के अधिकारियों तक भेजने की व्यवस्था की जाए।

## यूथ कांग्रेस में पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया जारी एप के ऑनलाइन सिस्टम से मतदान कर रहे युवा कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत पार्टी में बड़े तकनीकी बदलाव का संकेत पहले ही दे चुकी थी। जिसके प्रमाण के रूप में अब संगठन में अलग-अलग विंग्स में पदाधिकारियों का चयन नहीं बल्कि निर्वाचन हो रहा है। फिलहाल यूथ कांग्रेस में प्रदेश से लेकर ब्लॉक स्तर तक के विविध पदों के लिए मोबाइल ऐप से ऑनलाइन मतदान जारी है।

प्रक्रिया में युवा कांग्रेसी मोबाइल ऐप के माध्यम से ही अपनी पसंद के प्रत्याशी के लिए मतदान कर रहे हैं। सोहागपुर विधानसभा अध्यक्ष पद के दावेदार ऋषभ दीक्षित गत दिवस अपने पक्ष में मतदाताओं से वोटिंग



करवाते नजर आए। हरिभूमि संवाददाता ने दीक्षित से चर्चा की। दीक्षित ने बताया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में संगठन सृजन अभियान पूरी तरह से पारदर्शी प्रक्रिया बन चुका है। जिसमें एक मोबाइल नंबर से एक बार ही एप द्वारा युवा कांग्रेसी अपने पसंदीदा प्रत्याशी को मतदान कर सकेंगे। जिसमें किसी तरह गड़बड़ी की कोई भी आशंका नहीं रह जाती है।

### इन पदों के लिए हो रहा मतदान

युवाओं को मतदान की प्रक्रिया समझा रहे प्रखर शर्मा से गत दिवस हरिभूमि संवाददाता ने चर्चा की। प्रखर शर्मा ने बताया कि मप्र यूथ कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव, विधानसभा अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष पदाधिकारियों के पदों के लिए ऑनलाइन वोटिंग इन दिनों जारी है। प्रखर शर्मा के अनुसार प्रक्रिया जून माह के द्वितीय पखवाड़े में शुरू हुई थी तथा जुलाई माह की 19 तारीख को संपन्न होगी। इसके बाद निर्वाचित पदाधिकारी देश में अपने पद की कमान संभालकर पार्टी की रीति व नीति के अनुसार कार्य करेंगे। ऋषभ दीक्षित ने बताया कि कांग्रेस में मतदाता को 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग का होना चाहिए। तथा यदि वह विधानसभा अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष के लिए मतदान करता है तो उसे संबंधित विधानसभा व ब्लाक क्षेत्र का निवासी भी होना चाहिए।

### गुरु पूर्णिमा पर होंगे शंभू दरबार में कई आयोजन

**सोहागपुर।** गुरु पूर्णिमा पर्व पर अध्यात्म एवं सनातन संस्कृति पुनरुत्थान मंडल द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष की धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। ये सभी आयोजन नगर की पलाश परिसर कॉलोनी में स्थित श्री शंभू दरबार में होंगे। उल्लेखनीय है कि आध्यात्मिक संत रहे ब्रह्मलीन पं. मनमोहन मुदगल के भक्त एवं अनुयायी प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा पर गुरुपद पूजन के लिए उपस्थित होते थे। पं. मनमोहन मुदगल के ब्रह्मलीन होने के उपरांत भी उनके भक्त शंभू दरबार में उपस्थित हो गुरु के प्रति श्रद्धा व आस्था व्यक्त करते हैं। इसी क्रम में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव होगा। गृहस्थ संत पं. प्रकाश मुदगल ने बताया कि इस दौरान रुद्राभिषेक, गुरु दीक्षा, भजन संध्या आयोजन होंगे। रात्रि में आशीर्वचन उपरांत भोजन व प्रसादी वितरण होगा।

## भाजपाईयों ने मनाई पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती, हुए जगह-जगह अनेक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना करने वाले डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती प्रत्येक बूथ पर मनाई गई तथा नगर पालिका परिषद क्षेत्र के भी प्रत्येक बूथ पर मनाई गई।

ग्राम पंचायत हथवास मैं खापरखेड़ा मंडल अध्यक्ष राजा भैया पटेल मुख्य वक्ता पूर्व जिला सतर्कता समिति सदा सर्वेंद्र राय की उपस्थिति में किसान मोर्चा के महामंत्री पवन वाली या सहित ग्राम पंचायत के तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया अतिथियों के द्वारा एवं उपस्थित



कार्यकर्ताओं के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित की गई तो वहीं पर विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने अपने भगत सिंह वार्ड में अपने निवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर महिला मोर्चा युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे तो वहीं पर नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर के द्वारा भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी के द्वारा भी ग्राम पंचायत खैरी कला में आयोजन में अरविंद राय ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्टी के संस्थापक थे राष्ट्रीय विचारधारा को बनाए रखना अपने प्राणों की आहुति दी हमारे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताएं अनुसार अनुच्छेद 370 को हटा दिया वहां पर भारत के संविधान लागू है कार्यक्रम के मंडल अध्यक्ष राजा भैया पटेल के द्वारा भी संबोधित किया गया।

## सांदीपनि विद्यालय की शिक्षिकाओं ने लिया हैदराबाद में प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मध्य प्रदेश सरकार के आनंद विभाग की ओर से सोहागपुर सांदीपनि विद्यालय की शिक्षिकाओं को हैदराबाद प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। हार्टफुलनेस संस्था के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सांदीपनि विद्यालय सोहागपुर की पांच शिक्षिकाएं सम्मिलित हुईं।

विद्यालय प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रेम अमृता दुबे,




अनुपमा दुबे, हेमलता दुबे, रजनी नरवारे तथा अनुपमा चौरसिया ने चार दिवसीय कौशल आनंद शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त किया। हार्टफुलनेस संस्था का यह प्रशिक्षण केंद्र कान्हा शांति वनम्‌ हैदराबाद में है। जहां शिक्षिकाओं ने योग, ध्यान व साधना प्रक्रिया का प्रशिक्षण लिया। सोहागपुर विद्यालय प्राचार्य रामकिशोर दुबे ने बताया कि सभी शिक्षिकाओं ने चार दिवसीय इस प्रशिक्षण सत्र का बहुत आनंद लिया एवं योग क्रियाओं की जानकारी प्राप्त की है। जिसमें शिथिलीकरण, ध्यान, सफाई एवं प्रार्थना के चरणों के माध्यम से तनावपूर्ण जीवन शैली से मुक्ति पाने की क्रियाओं का ज्ञान शिक्षिकाओं ने प्राप्त किया है।

## पिपरिया में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जिला कतिया समाज समिति एवं कतिया समाज संगठन पिपरिया के द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी विशेष अतिथि संध्या सिंगारे जनपद अध्यक्ष भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी विजेंद्र जबरिया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप अमरवंशी मंच का संचालन अमित जावरे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 30 छात्र-छात्राओं को कक्षा दसवीं में 75% से अधिक



एवं कक्षा 12वीं में 80% से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को समाज के द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वीपी जावरे एम एल नायक शहित तमाम लोगों के द्वारा संबोधित किया गया। समाज के द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो पर प्रदर्शन करते हुए वक्ताओं के द्वारा प्रकाश डाला गया सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा संत भूरा भगत एवं मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया अतिथियों का स्वागत सम्मान करने के बाद मुख्य विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि समाज के बच्चों ने बड़े गौरवशाली क्षण समाज को दिए हैं समाज का नाम शहर एवं अन्य जगह अन्य जिलों में राज्य में प्रदर्शित किए हैं शासन के द्वारा ऐसे बच्चों को लगातार लैपटॉप साइकिल सहित तमाम सामग्रियों का वितरण भी प्रोत्साहित करते हुए प्रदान किया जा रहा है। आभार प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष कमल नागरे के द्वारा किया गया।

### शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया मोहर्रम, सामाजिक संगठनों ने जुलूस में लिया हिस्सा, अखाड़ों ने दिखाए करतब

# ताजियादारों ने जियारत के लिए रातभर रखे ताजिए निकाला जुलूस, सैकड़ों लोग हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

मोहर्रम की 10 वीं तारीख को सभी ताजियादारों ने अपने अपने ताजियों की रविवार सुबह 10 बजे मुख्य बाजार और थाने के पीछे से गश्त कराई। जिसके बाद दोपहर को सभी ताजियादार अपने मुकाम पर ताजियों को वापिस ले आये। फिर परंपरा अनुसार सभी ने ताजियों को जियारत के लिये रानी लक्ष्मीबाई मंच के सामने व मां काली मंदिर के समीप रविवार की रातभर के लिये रखा। इस दौरान अखाड़े का भी प्रदर्शन किया गया। आज सोमवार की सुबह सभी ताजिए रानी लक्ष्मी बाई मंच के सामने से निकाले जाएंगे एवं स्टेट हाईवे से होते हुए कर्बला ले जाए जाएंगे। जहां उन्हें ठंडा किया जाएगा।

### लंगर का हुआ आयोजन

हजरत इमाम हुसैन की याद में लंगर का आयोजन



मुहर्रम के दौरान एक आम परंपरा है। जिसमें लोग हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए श्रद्धालुओं को भोजन और पेय पदार्थ परोसते हैं। दयारा मोहल्ले में भी ऐसा ही आयोजन गत दिवस किया गया।

जहां लंगर के माध्यम से इमाम हुसैन की शहादत को याद किया गया। इस दौरान समुदाय



के लोगों ने एकत्र होकर भोजन किया। आरिफ कुरैशी ने बताया कि मोहर्रम के आठ वें दिन लंगर का आयोजन मगरिब के बाद किया गया। इस आयोजनों का उद्देश्य इमाम हुसैन की शहादत को याद करना और समुदाय के लोगों को एकत्र करना है। साथ ही सभी वर्ग के लोगों को भोजन कराना भी आयोजन का लक्ष्य होता है।

### पिपरिया में भी हुआ आयोजन, चौक चौराहों पर रखे गए ताजिए

**पिपरिया।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ईरानी समुदाय के द्वारा तथा मुस्लिम समुदाय के द्वारा मोहर्रम पर ताजिए बनाए गए नगर में लगभग 34 ताजियों को भ्रमण कराया गया उसके बाद मंगलवार चौराहे पर ईरानी समुदाय के लोगों के द्वारा एकत्रित होकर हुसैन को याद किया गया। बताया गया की सच्चाई के लिए सिर्फ कटा लिया झुके नहीं हुसैन या अमन का पैगाम है कर्बला की शहादत सैकड़ो वर्ष बाद भी नदी किनारे कर्बला मैदान में हुई जंग और दुनिया को अमन शांति का पैगाम दे रही 72 हुसैनी बना 80000 यदि लश्कर के बीच लड़ाई का अंजाम तो संख्या से भी पता चलता है मगर जब मोहम्मद



सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के बरसों में धर्म के आगे झुकने के बजाय डटकर मुकाबला किया और सजदे से सिर काटकर सत्य इस्लाम धर्म की स्थापित सिद्धांतों के लिए शहीद होकर अमर हो गए। 10 मोर मोहर्रम 61 हिजरी आने 10 अक्टूबर 680 को हजरत हुसैनको या जीत की सेवा ने उसे वक्त शहीद कर दिया जब भी नमाज के दौरान सजदे में सर झुकाए हुए थे। इस तरह से अनेक तरह की उन्होंने मंगलवार चौराहे पर ईरानी समुदाय ने जानकारी दी और ताजिए के नगर भ्रमण के बाद कार्यक्रम शांतिपूर्वक पुलिस की सुरक्षा में तथा नाथ तहसीलदार एवं राजस्व की टीम के बीच में संपन्न हुआ।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं राजेश गिरी गोस्वामी पुत्र श्री हीरा गिरी गोस्वामी आयु 50 वर्ष निवासी तालाब मोहल्ला माखन नगर तहसील माखन नगर जिला नर्मदा पुरम मध्य प्रदेश यह है कि मेरी पुत्री का नाम श्रुति गोस्वामी, (shruti goswami) पिता राजेश गिरी गोस्वामी है जिसकी जन्म दिनांक (23/08/ 2007) है जबकि उसके आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम श्रीति गोस्वामी अंकित हो गया है तथा जन्म दिनांक (24/08/ 2006) अंकित हो गया है। जो कि गलत है जबकि उसके शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका नाम श्रुति गोस्वामी है जो की सही है अतः राजपत्र में प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री को उसके सही नाम श्रुति गोस्वामी पुत्री राजेश गिरी गोस्वामी के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा दर्ज किया जावे।

प्रार्थी राजेश गिरी गोस्वामी
वार्ड नंबर 1 तालाब मोहल्ला माखन नगर
जिला नर्मदा पुरम मध्य प्रदेश

## खबर संक्षेप

### पिछले 24 घंटों में जिले में 3.8 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 3.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 3.1 मि.मी., टिमरनी में 2.4 मि.मी., खिरकिया में 1.4 मि.मी., सिराली में 6.2 मि.मी. तथा रहटगांव में 6.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 284.1 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 233.9 मि.मी., टिमरनी में 371 मि.मी., खिरकिया में 341 मि.मी., सिराली में 278 तथा रहटगांव में 196.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 6 जुलाई तक 151.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी।

### आईटीआई में रोजगार मेला युवा संगम 10 को

**हरदा।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला 10 जुलाई को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती की जायेगी।

### पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए लेवल काउंसलिंग शुरू

**हरदा।** पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में संस्था स्तर पर प्रवेश प्रारम्भ हो गए है। प्राचार्य डॉ. अभिरुचि सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल, कंप्यूटर साइंस विभाग में प्रवेश के लिये 13 अगस्त तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन करा सकते है। पंजीयन के बाद विद्यार्थी 13 अगस्त तक सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे से संस्था में सभी दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर सी एल सी राउंड की प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

### फसल बचाने तार-फेंसिंग आधा खर्च सरकार देगी

**सीहोर।** फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर 5 तार व खम्बे की फेंसिंग लगवा सकते हैं। उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है। आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है। इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है। विभाग द्वारा किसानों को तार-फेंसिंग लगाने में आने वाला खर्च का आधा (50 प्रतिशत) अनुदान प्रदान किया जाएगा। तार-फेंसिंग लगाने का खर्चा 300 रुपये प्रति रनिंग मीटर आता है, यानि एक हजार रनिंग मीटर का खर्चा तीन लाख रुपये है। इसमें डेढ़ लाख रुपये राज्य सरकार देगी तथा शेष डेढ़ लाख रूपये किसान वहन करेगा।

### शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में रोजगार मेला आज

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 8 जुलाई को सीहोर स्थित शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में सुबह 11 बजे से 4 बजे तक रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की एनआईआईटी (एचडीएफसी, एक्सिस बैंक) क्विज क्रॉप, शिव शक्ति एग्रीटेक, पुखराज हेल्थ केयर, श्रीराम फाइनेंस, एसबीआई लाइफ रिलायबल फर्स्ट, एलआईसी, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया, हंसिनी एंप्लॉयमेंट सर्विस आदि कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मेकेनिक कम्प्यूटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर सेल्स एग्जीक्यूटिव, बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर, टेनी. 1750 पदों पर भर्ती की जाएगी।

29 जून को यह सनसनीखेज वारदात सामने आई थी

# अपहरण कर मारपीट की वारदात करने वाले आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हरदा शहर में 29 जून को एक युवक के अपहरण और जानलेवा हमले की सनसनीखेज वारदात सामने आई थी। पुलिस ने इस मामले में दोहरे हत्याकांड के आरोपी युनूस उर्फ कुट्टू और उसके दो साथी शाहरुख और नागेश को गिरफ्तार किया है। वहीं, अन्य तीन आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस के अनुसार, अपहृत मोहित गौर (26), जो एक इलेक्ट्रिक दुकान में काम करता है। रविवार सुबह 11 बजे गुर्जर बोर्डिंग के पास से दुकान लौट रहा था।

तभी युनूस अपने पांच साथियों के साथ कार में आया और मोहित को जबरन उठा ले गया। आरोपियों ने उस पर एक लाख रुपए के लेनदेन का दबाव बनाया, जो युनूस को मोहित के दोस्त शुभम से लेना था। मोहित के इनकार पर उसे सुनसान इलाके में ले जाकर बुरी तरह पीटा गया। पहले रहटगांव के जंगल में, फिर शहर के बारह बंगला स्थित खाली रेलवे क्वार्टर में उसे अधमरा कर फेंक दिया गया। आरोपी उसे मरा समझकर भाग गए और जाते-जाते उसका मोबाइल छोड़ गए। होश आने पर मोहित ने परिजनों को सूचना दी। टीआई प्रह्लाद सिंह मर्सकोले के अनुसार, पुलिस ने युनूस, शाहरुख और नागेश को गिरफ्तार कर उनका मेडिकल कराया और पैदल थाने लाया। फरार आरोपियों विवेक, फैजान और हैमर की तलाश जारी है। पुलिस ने इस गंभीर घटना को रुपए के विवाद से जुड़ा बताया है और फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।



## पति ने तीन बार तलाक बोला, पुलिस ने किया केस दर्ज

जिले के महिला थाने में तीन तलाक का मामला सामने आया है। महिला ने पति पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के बाद तीन बार 'तलाक' बोलकर घर से निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019 की धारा 4 के तहत केस दर्ज किया है। महिला थाना प्रभारी अंजना मालवीय ने बताया कि पीड़िता की शादी वर्ष 2020 में मुस्लिम रीति-रिवाजों के साथ सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक से हुई थी। शादी के कुछ ही समय बाद दोनों के बीच छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद शुरू हो गया था। इससे परेशान होकर महिला मायके चली गई। ससुराल लौटी तो पति ने की मारपीट, फिर तलाक कुछ समय बाद जब वह वापस ससुराल लौटी तो पति ने मारपीट शुरू कर दी और मानसिक रूप से भी प्रताड़ित करने लगा। इस बीच आरोपी उसे छोड़कर कहीं चला गया। बाद में जब महिला दोबारा ससुराल गई तो पति ने उसे तीन बार 'तलाक' बोलकर घर से निकाल दिया। महिला लौटी मायके, फिर दर्ज कराई रिपोर्ट घटना के बाद महिला अपने मायके हरदा आ गई और महिला थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी वसीम पिता अब्दुल कुरैशी, निवासी नर्मदापुरम, के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला थाना प्रभारी ने बताया कि जिले में इससे पहले भी दो महिलाओं ने तीन तलाक के प्रकरण दर्ज कराए थे।

परिचय वर्ग सम्मेलन का आयोजन

# मजदूर संघ ने श्रमिक, विद्यार्थियों व युवाओं को नई विचारधारा दीः सोनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

भारतीय मजदूर संघ जिला हरदा का कार्यकर्ता परिचय वर्ग सम्मेलन बलराम सभागृह कृषि उपज मंडी हरदा में रविवार को संपन्न हुआ। संघ के जिलामंत्री प्रबल पंवार ने बताया कि प्रथम सत्र की अध्यक्षता मुकेश धामन्दे जिलाध्यक्ष ने कीम जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदीप रिछारिया और जितेन्द्र सोनी उपस्थित रहे।

आयोजन में मुख्य वक्ता महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ एक विस्तारित रूप में संगठित है। 23 जुलाई को संगठन स्थापना के 70 वर्ष पूर्ण कर रहा है। सात दशक की यात्रा में तपस्या एवं राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिए एवं स्वदेशी विचारधारा को लिए हुए संगठन ने श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए तथा भारतीय संस्कृति से युक्त राष्ट्र निर्माण में श्रमिक संगठन का बहुमूल्य योगदान रहा है। इस अवसर पर विभाग प्रमुख जितेन्द्र सोनी ने कहा कि संगठन ने देश के श्रमिकों, विद्यार्थियों, एवं युवाओं को एक नई विचारधारा दी है। जिलाध्यक्ष मुकेश धामन्दे ने कहा कि विश्व का सबसे युवा देश भारत है, जिसकी आबादी का 65 प्रतिशत लोग 35 वर्ष से कम आयु के हैं। उन्होंने कहा कि यदि इस ऊर्जा को सही दिशा में लगाया गया, सही मार्गदर्शन मिलेगा।

द्वितीय सत्र की अध्यक्षता कविता मरापे ने की, जबकि मुखीवक्ता के रूप में सोनी, शोभा थाटे, और विशेष अतिथि के रूप में रजनी छलोत्रे मंच पर उपस्थित रही। कार्यक्रम में अतुल शुक्ला, अतुल रघुवंशी, जगदीश टेमले, दीपक तिवारी, राम शंकर बुनकर, शिवकुमार सोलंकी, मकबूल खान, विकास घावरी, उपेंद्र कलसिया, संजीव जैन, राजीव जैन, एकता पाल एवं एवं अन्य प्रमुख कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

# फसल बीमा कराने कर रहे प्रेरित, नुक्कड़ नाटक से किसानों को बता रहे इसके फायदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ की थीम पर नुक्कड़ नाटक कर किसानों को फसल बीमा कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि जिले के किसानों को फसल बीमा से होने वाले फायदे बताए जा रहे हैं तथा किसानों को फसल बीमा की अंतिम तारीख के संबंध में जानकारी देकर बीमा कराने की प्रक्रिया भी बताई जा रही है।

उन्होने बताया कि रविवार को हंडिया, खिरकिया, सिराली में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को फसल बीमा कराने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर बीमा कंपनी प्रतिनिधि और कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जाकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ 2025 का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होने बताया कि 1 जुलाई से 7 जुलाई तक फसल बीमा सप्ताह मनाया जा रहा है। उन्होंने किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि ऋणी किसान संबंधित बैंक के माध्यम से तथा अऋणी किसान वेब सेन्टर या अपने संबंधित बैंक के माध्यम से 31 जुलाई से पूर्व फसल बीमा करवा सकते हैं। उन्होने बताया कि फसल बीमा का उद्देश्य प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान की भरपाई करना है। फसल बीमा के संबंध में अधिक जानकारी भारत सरकार के कृषि रक्षक पोर्टल, हेल्पलाइन नंबर 14447 अथवा बीमा कंपनी प्रतिनिधि अथवा कृषि विभाग से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# इमाम हुसैन की शहादत की याद में निकला मातमी जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

इमाम हुसैन की शहादत की याद में रविवार को हुसैनी अंजुमन शिया नौजवान कमेटी, लाइन मोहल्ला द्वारा शहर में मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस की शुरुआत इमामबाड़ा, लाइन मोहल्ला से हुई जो पोस्ट ऑफिस चौराहा, चांडक चौक, घंटाघर, पुरानी सब्जी मंडी और हाजी चौक होते हुए नदी तट पर जाकर संपन्न हुआ।

जुलूस में शामिल नौजवान 'या हुसैन' के नारों के साथ छुरियों और जंजीरों से मातम करते हुए इमाम हुसैन को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे। दस दिन तक चले मजलिस और तकरीर के बाद यह जुलूस पारंपरिक रूप से आयोजित किया गया। शहर के खेड़ीपुरा, मानपुरा, कुलहरदा, अन्नापुरा सहित अन्य इलाकों से भी ताजिये निकाले गए, जिन्हें नगर भ्रमण के बाद पुरानी सब्जी मंडी में रखा गया। बारिश के कारण ताजियों को पन्नियों से ढंका गया। इस अवसर पर लोगों ने ताजियों के सामने लोबान छोड़ा और युवाओं ने परंपरागत हथियारों के साथ अखाड़े में करतब दिखाए। पूरा शहर या अली और या हुसैन के नारों से गूंज उठा।



### सुरक्षा में 180 जवान तैनात रहे

मोहर्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सिविल लाइन थाना प्रभारी संतोष सिंह चौहान ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए 180 जवानों की तैनाती की गई थी। हर ताजिये के साथ पुलिस बल लगाया गया था। साथ ही, शहर में उउळश कैमरे और ड्रोन से निगरानी की गई।

## मोहर्रम पर्व पर ताजिये बनाए



**रहटगांव।** मुस्लिम समुदाय ने मोहर्रम पर्व के चलते रोजे रखे गये एवं दुआएं आसुरा पड़ी गई। पर्व के मानने बालों ने शनिवार रात में नगर की मुख्य दरगाह से सवारी निकाली। रविवार को ताजियेदारों द्वारा घरों से ताजिये सब्जी बाजार लेकर पहुंचे। जहां रात्रि में अखाड़े का आयोजन किया गया। जानकारी के मुताबिक समुदाय के लोगों ने बताया की पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हसन और हुसैन की शहादत की याद मे ताजिये बनाए जाते हैं। रात्रि में अखाड़ों का दौर भी चला जिसमें एक से एक पैतरे एवं करतब दिखाए गए। वही सोमवार दोपहर बाद ताजिये कर्बला की और रवाना होंगे।

विधायक ने दिखाई जननायिका जैसी उपस्थिति

# वीरांगना रानी दुर्गावती से आज की पीढ़ी को बहुत सीखने की जरूरत है




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडव

वीरांगना रानी दुर्गावती के 462वें बलिदान दिवस के अवसर पर रविवार 6 जुलाई को इंदौर स्थित माई मंगेश सभागृह, सपना संगीता रोड, इलवा स्कूल के पास, लोहा मंडी में भव्य आयोजन किया गया।

आयोजन में देशभर से आए बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों, महिलाओं व युवाओं की बड़ी उपस्थिति देखने को मिली। इस कार्यक्रम में पंधाना विधायक छाया मोरे ने अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराते हुए जननायिका जैसी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, मुख्य वक्ता के रूप में मनीषा धुर्वे तथा विशेष अतिथि के रूप में सांसद रतलाम अनिता नागर चौहान और विधायक पंधाना छाया मोरे विशेष अतिथि रूप से मौजूद रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर समापन तक छाया मोरे केंद्रबिंदु बनी रहीं। उनके सभागार में प्रवेश करते ही उपस्थितजनों में एक विशेष ऊर्जा का संचार हुआ। वे सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से लेकर बौद्धिक परिचर्चाओं तक हर गतिविधि में पूरे उत्साह से सम्मिलित हुईं।

### *नारी शक्ति संगठित होकर परिवर्तन की दिशा में कार्य करे*

*अपने विचार साझा करते हुए छाया मोरे ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती के अद्भुत साहस, नेतृत्व और आत्मबलिदान से आज की पीढ़ी को बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती सिर्फ इतिहास की नायिका नहीं, बल्कि वे आज भी हर नारी के भीतर छुपी शक्ति का प्रतीक हैं। उन्होंने नारी शक्ति को संगठित कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने रानी दुर्गावती के योगदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और इस बलिदान दिवस को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया। इस ऐतिहासिक बलिदान दिवस को भव्य और सारगर्भित स्वरूप प्रदान किया गया। आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं, छात्र-छात्राओं और जनजातीय समुदाय के लोगों की उत्साहजनक भागीदारी रही।*

मुख्यमंत्री ने खातों में 25 हजार रुपए किए अंतरित

# छात्र-छात्राएं अपनी पसंद का खरीद सकेंगे लैपटॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या



खंड स्तरीय प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 37 छात्र-छात्राओं के प्रत्येक खाते में 25000की राशि अंतरित की गई। जिससे वे अपनी-अपनी पसंद की कंपनियों के लैपटॉप खरीद सकेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव का दूरदर्शन पर भोपाल से सीधा कार्यक्रम प्रसारित किया गया। बीईओ प्रभात परमार्थी ने बताया कि कक्षा 12 वी में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उक्त प्रोत्साहन-राशि प्रदान की गई है। इस अवसर पर शा.उच्चतर उत्कृष्ट मा.वि.के प्राचार्य आर.डी अम्ब ने सरकार की उक्त योजना की विस्तार से जानकारी दी। जबकि प्रमुख अतिथियों ने सरकार की इस योजना की प्रसंशा की और कहा कि इससे उन्हें नवीन शिक्षा-प्रणाली के अनुसार पढाई करने में सुविधा प्राप्त हो सकेगी। इस अवसर पर अतिथियों में जनपद पंचायत की अध्यक्ष संगीता नार्वे, पूर्व विधायक धूलसिंह डावर, जिला जनपद सदस्य प्रतिनिधि जिंदरसिंह बडोले, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल बारसे, जनपद एवं पंचायत प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

# समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के लिए केंद्र तय, आज से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

विपणन वर्ष 2025-26 के लिए कृषि विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाएगी, जिसका मूल्य 8682 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिले में मूंग उपार्जन के लिए खरीदी केंद्रों का निर्धारण किया गया। उपसंचालक कृषि के अनुसार खरीदी की प्रक्रिया 7 जुलाई से 8 अगस्त तक की जाएगी। सेन्ट्रल वेयर हाउस आनंद नगर खंडवा, वर्मा वेयर हाउस कोरगला, श्री बालाजी एंड ग्रेडिंग वेयर हाउस केहलारी, जय भोले वेयर हाउस गुडीखेड़ा, पटेल वेयर हाउस छनेरा, महावीर एग्रो वेयर हाउस पिपलानी, महादेव वेयर हाउस खेरखेड़ा, अन्नपूर्णा एग्रो वेयर हाउस किल्लोद, सीड्स एंड ग्रेन्स वेयर हाउस करोली, अक्षिता वेयर हाउस पुनासा, दिव्य शक्ति वेयर हाउस जोगीबेड़ा और गणेश वेयर हाउस मल्हारगढ़ खालवा।

### उपखंड स्तरीय उपार्जन समिति का गठन

इसके अतिरिक्त, उपखंड स्तरीय उपार्जन समिति का गठन भी किया गया है। समिति के अध्यक्ष संबंधित विकासखंड के एसडीएम होंगे तथा सदस्य सचिव के रूप में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शामिल रहेंगे। अन्य सदस्यों में सहकारिता विस्तार अधिकारी, जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक, गोदाम प्रभारी मार्कफेड, कृषि उपज मंडी के सचिव और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रहेंगे। यह समिति पंजीयन, उपार्जन प्रक्रिया, गुणवत्ता निरीक्षण, पर्यवेक्षण एवं नीति से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु जिम्मेदार होगी।

दस्तक अभियान में प्रशिक्षण किया गया आयोजित

# शिशु की बीमारियों की पहचान व त्वरित उपचार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों में बीमारियों की पहचान, त्वरित उपचार एवं आवश्यक रेफरल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में 22 जुलाई से 16 सितंबर तक दस्तक अभियान का प्रथम चरण चलाया जाएगा।



इसी क्रम में विकासखण्ड खालवा और किल्लौद के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि दस्तक अभियान के अंतर्गत डायरिया से होने वाली शिशु मृत्यु दर को रोकने के उद्देश्य से स्टॉप डायरिया कैंपेन को जोड़ते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान डायरिया की रोकथाम, साफ-सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान थीम पर आधारित है।

### 5 वर्ष तक के बच्चों में गंभीर कुपोषण की पहचान करेंगे

अभियान के अंतर्गत जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों में गंभीर कुपोषण, एनीमिया, निमोनिया, डिहाईड्रेशन और संक्रमण की पहचान कर त्वरित उपचार, रेफरल और विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। साथ ही ओआरएस पैकेट व जिंक टेबलेट का वितरण भी किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त दल जिसमें एनएनएम, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल रहेंगे आंगनबाड़ी केंद्रों व स्वास्थ्य संस्थानों पर जाकर बच्चों की बीमारियों की सक्रिय पहचान और उचित प्रबंधन करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी अनिल तंतवार ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना बनाते हुए दस्तक पोर्टल पर 100 प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी बच्चा छूटने न पाए।